आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.09.2026 समय : 1905

- युवाओं में मादक पदार्थों का दुरुपयोग समाप्त करने के लिए देश भर में आज राष्ट्रीय संकल्प समारोह का आयोजन किया जा रहा है।
- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बाईस सितम्बर को नई दिल्ली में नौवें भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह का उद्घाटन करेंगे।
- दीन दयाल उपाध्याय–ग्रामीण कौशल्य योजना के दूसरे चरण में अगले महीने से देश के ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- पर्यटन निदेशालय की ओर से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

युवाओं में मादक पदार्थों का दुरुपयोग समाप्त करने के लिए देश भर में आज राष्ट्रीय संकल्प समारोह का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत के लिए सौ सप्ताह के नशा–मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत देशभर के युवा शामिल हो रहे हैं। समारोह में नशा–मुक्ति शपथ, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन और चर्चाओं के जरिए अभियान का संदेश सीधे युवाओं तक पहुंचाया जा रहा है।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मंगलवार बाईस सितम्बर को नई दिल्ली में नौवें भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह का उद्घाटन करेंगे। पांच दिन के इस आयोजन का विषय है– जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन। जल शक्ति मंत्रालय ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में नीदरलैंड और जर्मनी साझेदार देश के रूप में शामिल होंगे। चौदह राज्य इसमें भाग लेंगे, जबकि छह केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को भी आमंत्रित किया गया है। बाईस से पच्चीस सितंबर तक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का भी आयोजन किया

जाएगा। इसमें टिकाऊ और जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन से जुड़ी नवीन तकनीकों, उत्पादों और समाधानों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान बाईस से चौबीस सितंबर तक दूसरा अंतर्राष्ट्रीय वॉश सम्मेलन भी होगा।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से पूरे द्वीप समूह में किसान आईडी बनाने और पात्र किसानों को 'किसान रजिस्ट्री' में नामांकित करने के लिए अभियान का कियान्वयन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों के लिए एक डिजिटल पहचान बनाना है, ताकि उन्हें पीएम किसान, सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और कृषि सेवाओं का सीधा लाभ मिल सके। विभाग का लक्ष्य हर पात्र किसान का पंजीकरण सुनिश्चित करना है ताकि कोई भी सरकारी लाभ से वंचित न रहे। यदि किसानों के भू–अभिलेख और पहचान पत्र के नाम में कोई अंतर है, तो किसान कृषि उप–डिपो के प्रभारी से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर, आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर सकते हैं। विभाग ने कहा कि जिन किसानों का रजिस्ट्री नामांकन पूरा नहीं होगा, उन्हें आगामी रबी सीजन से सब्सिडी वाला उर्वरक, कृषि सामग्री और पीएम किसान की किस्त मिलना बंद हो सकती है। कृषि विभाग ने सभी पात्र किसानों से जल्द से जल्द अपना पंजीकरण पूरा करने की अपील की है।

<><><><><><><>

दीन दयाल उपाध्याय–ग्रामीण कौशल्य योजना के दूसरे चरण में ग्रामीण विकास मंत्रालय अगले महीने से अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग चौंतीस हज़ार ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देना शुरू करेगा। मंत्रालय ने बताया कि अगले वर्ष इक्कतीस दिसंबर तक तीन लाख सतावन हज़ार से अधिक ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। दीन दयाल उपाध्याय–ग्रामीण कौशल्य योजना गरीब ग्रामीण युवाओं के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना है, जो प्लेसमेंट से जुड़ा कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती है। प्रशिक्षण की अवधि तीन से बारह महीने तक होती है। मंत्रालय ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय–ग्रामीण कौशल्य योजना के दूसरे चरण का इंटीग्रेटेड पोर्टल परियोजना के पूरे

जीवन–चक्र को आसान बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिससे ज़्यादा कुशलता, पारदर्शिता और डिजिटल मॉनिटरिंग को बढ़ावा मिलेगा।

उधर, द्वीपसमूह में ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 के तहत पात्र ग्रामीण युवाओं को मुफ्त, आवासीय और रोजगार–उन्मुख कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में नामांकित करने के लिए अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में अट्ठारह से पैंतीस वर्षीय पुरूष और अट्ठारह से पैंतालीस वर्षीय महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क है।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से 27 सितंबर को डिजिटल एजेंडा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय के साथ विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाएगा। विश्व पर्यटन दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, पर्यटन निदेशालय द्वीपसमूह के पर्यटन आकर्षणों, अनुभवों, संस्कृति और विरासत को नवीन डिजिटल सामग्री के माध्यम से बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रचार वीडियो व रील प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। प्रतिभागी को 1 से 3 मिनट की अवधि के लघु पर्यटन प्रचार वीडियो या रील बनाना होगा, जिनमें द्वीपसमूह की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित किया गया हो। प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सभी इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां 23 सितंबर को शाम 4 बजे तक photounitiptdepartment@gmail.com के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा, की ओर से अनुबंध के आधार पर एक सौ नवासी विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह नियुक्ति अगले वर्ष इक्कतीस मार्च तक के लिए होगी। आवेदन फार्म क्षेत्रीय या खंड परियोजना कार्यालयों से प्राप्त कर सकते हैं। फार्म edurec.andamannicobar.gov.in पर भी उपलब्ध है। भरे हुए आवेदन पत्र 25 सितम्बर शाम साढ़े चार बजे तक जमा किए जा सकते हैं। खंड स्तर पर पात्र सूची का प्रकाशन 26 सितम्बर को, दावे और आपत्तियां 28 सितम्बर को शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। सहायक पद के लिए साक्षात्कार

तीस सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों को एक पद के लिए केवल एक ही स्थान से आवेदन जमा करने को कहा गया है। एक ही पद के लिए अलग–अलग स्थानों से एक से अधिक आवेदन जमा करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। अधिक जानकारी विभाग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

स्कूल ऑफ नर्सिंग में अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर अंग्रेजी और कम्प्यूटर विषय के लिए शिक्षकों का सीधा साक्षात्कार लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार स्व–सत्यापित दस्तावेजों के साथ भरे हुए आवेदन चौबीस सितम्बर को शाम चार बजे तक जमा कर सकते हैं। साक्षात्कार उनतीस सितम्बर को सुबह दस बजे से जी बी पंत अस्पताल स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग के पुराने ओपीडी भवन, में आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवार की आयु इक्कीस से साठ वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवार को प्रतिघंटा एक हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा पच्चीस हजार रूपये प्रतिमाह होगा।

<><><><><><><>

पितृपक्ष के दौरान चिन्मय मिशन, की ओर से छब्बीस सितंबर से तीन अक्टूबर तक मिशन के सभागार में ‘श्रीमद भागवत सप्ताह कथा’ का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन शाम साढ़े चार बजे से रात्रि आठ बजे तक आयोजित की जाएगी। छब्बीस सितंबर 2026 को शाम चार बजे गांधी पार्क से मिशन तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। सभी श्रद्धालुओं से कलश के साथ गांधी पार्क पहुँचने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

सीएफओ नाला स्टील बेली ब्रिज के मरम्मत कार्य के चलते 29 सितम्बर तक 10 दिनों की अवधि के लिए पुल पर आवाजाही और सड़क बंद करने का आदेश जारी किया गया है। मध्योत्तर

अंडमान के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने कार्यपालक अभियंता को स्टील बेली ब्रिज का मरम्मत कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

<><><><><><><>